हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक
# भव्य प्रभात
खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 16, अंक 327 | 29 नवम्बर 2023 बुधवार | हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रुपये स्वागत मूल्य 1/–रुपये

## 53 मिनट चला विधानसभा सत्र, विपक्षी दलों के हंगामे के बाद बोले योगी...

# सारे सवालों के जवाब देंगे




लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र शुरु होने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाये रखने की अपील करते हुये कहा कि विपक्षी दलों के हर सवाल का जवाब दिया जायेगा। विधानभवन के गेट नंबर आठ के पोर्टिको पर पत्रकारों से बातचीत में श्री योगीने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास, लोककल्याण, जनहित से जुड़े मुद्ध्दे एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए हम विधानमंडल की कार्यवाही में चर्चा–परिचर्चा के लिए तैयार हैं। इसके लिए सभी दलों के सदस्यों से सार्थक चर्चा के लिए आह्वान किया गया है। साथ ही सरकार सभी दलों के सदस्यों के उनके सवालों के जवाब देने के लिए पूरी तरह से तत्पर है। सरकार विकास समेत सभी मुद्ध्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होने कहा " सदन आम जनमानस से जुड़ी समस्याओं को रखने एवं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का महत्वपूर्ण मंच है। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी सदस्य आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रख करके सदन को स्वस्थ चर्चा–परिचर्चा का केंद्र बनाएंगे। साथ ही सार्थक चर्चा के माध्यम से विधायिका को और पुष्ट करने का कार्य करेंगे। इस सत्र में अनुपूरक बजट के साथ विधायिका के लंबित कार्य पूरे होंगे। " मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े छह वर्षों में विधान मंडल ने गरिमापूर्ण तरीके से संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली को पुष्ट करते हुए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा–परिचर्चा को आगे बढ़ाने में नई सफलता प्राप्त की है, जो लोकतंत्र की सच्ची भावनाओं के प्रतिनिधित्व को दर्शाता है। यह लोगों के बीच कौतुहल और आश्चर्य का विषय बना हुआ है। मेरी विशेष रूप से विपक्षी दलों के सदस्यों से अपील है कि पूरे देश के अंदर सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चल रही परिचर्चा को बनाए रखने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भी है। ऐसे में हम सदन की गरिमा को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होने कहा कि विपक्ष के हर प्रश्न का जवाब देने के लिए सरकार तैयार है। हम पूरी तैयारी के साथ सदन में मौजूद रहेंगे। विश्वास करता हूं कि आम जनमानस की भावनाओं के अनुरूप सभी सदस्य सदन पर अपनी बात को प्रभावी ढंग से रखेंगे। डिप्टी सीएम बोले–सपाई फ्रस्ट्रेशन में हैं सत्र शुरू होने से पहले उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा– प्रदेश के विकास के लिए हम लोग काम कर रहे हैं। विपक्ष के पास कुछ कहने को है नहीं, वे फ्रस्ट्रेशन में हैं। पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा– जनता ने विपक्ष को चर्चा के लिए सदन में भेजा है, मुद्दों को उठाने के लिए सदन में भेजा है, अगर यह प्रदर्शनकारी बनना चाहते हैं तो इनका स्वागत है। कल 12.20 बजे पेश होगा अनुपूरक बजट बुधवार दोपहर 12.20 बजे राज्य सरकार दोनों सदनों में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए अनुपूरक बजट पेश करेगी। सत्र के दौरान सरकार उप्र निजी विश्वविद्यालय (छठवां संशोधन) अध्यादेश 2023, उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2023, उप्र माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2023, उप्र राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश 2023 के प्रतिस्थानी विधेयकों को पारित कराएगी।

कुछ अन्य विधेयक भी पारित कराए जा सकते हैं। काले कपड़े पहनकर पहुंचे सपा के 3 विधायक इससे पहले सपा के 3 विधायक काले कपड़े पहनकर सदन पहुंचे। उन्होंने महंगाई, करप्शन को लेकर सरकार का विरोध किया। वहीं, सपा के विधायक जाहिद बेग साइकिल से विधानसभा पहुंचे। उनके कुर्ते में लिखा था–बहुत हुआ भ्रष्टाचार..होश में आओ योगी सरकार।

### डिप्टी सीएम बोले–सपाई फ्रस्ट्रेशन में हैं

● सत्र शुरू होने से पहले उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा– प्रदेश के विकास के लिए हम लोग काम कर रहे हैं। विपक्ष के पास कुछ कहने को है नहीं, वे फ्रस्ट्रेशन में हैं। पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा– जनता ने विपक्ष को चर्चा के लिए सदन में भेजा है, मुद्दों को उठाने के लिए सदन में भेजा है, अगर यह प्रदर्शनकारी बनना चाहते हैं तो इनका स्वागत है।

### आज १२.२० बजे पेश होगा अनुपूरक बजट

● बुधवार दोपहर 12.20 बजे राज्य सरकार दोनों सदनों में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए अनुपूरक बजट पेश करेगी। सत्र के दौरान सरकार उप्र निजी विश्वविद्यालय (छठवां संशोधन) अध्यादेश 2023, उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2023, उप्र माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2023, उप्र राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश 2023 के प्रतिस्थानी विधेयकों को पारित कराएगी। कुछ अन्य विधेयक भी पारित कराए जा सकते हैं।

### काले कपड़े पहनकर पहुंचे सपा के ३ विधायक

● इससे पहले सपा के 3 विधायक काले कपड़े पहनकर सदन पहुंचे। उन्होंने महंगाई, करप्शन को लेकर सरकार का विरोध किया। वहीं, सपा के विधायक जाहिद बेग साइकिल से विधानसभा पहुंचे। उनके कुर्ते में लिखा था–बहुत हुआ भ्रष्टाचार..होश में आओ योगी सरकार।

## बीआरएस के नेता आलसी और भ्रष्टः प्रियंका गांधी

तेलंगाना,(एजेंसी)। प्रियंका गांधी ने कहा कि यहां के नौजवानों, किसानों और महिलाओं ने अपना बलिदान देकर तेलंगाना बनाया है। इस जमीन में आपका खून–पसीना मिला हुआ है, इसलिए इसकी हिफाजत आपको ही करनी पड़ेगी। 10 साल से आप जिस KCR सरकार को देख रहे हैं, वह आपकी उम्मीदों को एक–एक करके तोड़ रही है। 30 नवंबर को होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए जोरदार प्रचार अभियान मंगलवार शाम 5 बजे समाप्त हो जाएगा।




आज भी कांग्रेस की ओर से जोरदार प्रचार जारी रहा। आज पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रचार किया। उन्होंने कहा कि यहां पर नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है, वह परीक्षा देते हैं तो पेपर भी लीक हो जाते हैं। आप तेलंगाना में जहां भी देखेंगे, वहां भष्टाचार फैला हुआ है। हर प्रोजेक्ट के लिए कमीशन लिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऊपर से यहां कमर तोड़ महंगाई है। जिसका पूरा असर महिलाओं पर पड़ रहा है। महिलाएं समाज का पूरा बोझ उठाती हैं, इसलिए वे सरकार से उम्मीद करती हैं कि सरकार भी इनके लिए कुछ काम करे। प्रियंका गांधी ने कहा कि यहां के नौजवानों, किसानों और महिलाओं ने अपना बलिदान देकर तेलंगाना बनाया है। इस जमीन में आपका खून–पसीना मिला हुआ है, इसलिए इसकी हिफाजत आपको ही करनी पड़ेगी। 10 साल से आप जिस KCR सरकार को देख रहे हैं, वह आपकी उम्मीदों को एक–एक करके तोड़ रही है। उन्होंने कहा बीआरएस के नेता आलसी और भ्रष्ट हो गए हैं। अब आप तय कीजिए कि आपको आलसी और भ्रष्ट सरकार चाहिए।

## दिल्ली में पीएम मोदी को हटाने के लिए पहले राज्य में केसीआर को हराना होगाः राहुल गांधी

तेलंगाना,(एजेंसी)। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह देश नफरत का नहीं बल्कि मोहब्बत का देश है। इसलिए यात्रा में हमने नारा दिया– श्नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है।श उन्होंने दावा कि श्भारत जोड़ो यात्राश ने हिंदुस्तान की राजनीति को हमेशा के लिए बदल दिया है। तेलंगाना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज पार्टी के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और केसीआर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे एक ही टीम हैं। यहां, बीआरएस, बीजेपी और एआईएमआईएम एक टीम के रूप में मिलकर काम करते हैं। मुख्यमंत्री (केसीआर) के खिलाफ कोई मामला नहीं है। वह सबसे भ्रष्ट सरकार चलाते हैं...ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग उनके पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि वे (बीआरएस) महाराष्ट्र, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने और बीजेपी का समर्थन करने के लिए काम करते हैं। अगर हम दिल्ली में पीएम मोदी को हराना चाहते हैं तो हमें पहले तेलंगाना में केसीआर को हराना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमित शाह




कह रहे थे कि हम तेलंगाना को OBC मुख्यमंत्री देंगे।

अरे भैया! पहले आप 2: वोट तो लाओ। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह देश नफरत का नहीं बल्कि मोहब्बत का देश है। इसलिए यात्रा में हमने नारा दिया– श्नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है।श उन्होंने दावा कि श्भारत जोड़ो यात्राश ने हिंदुस्तान की राजनीति को हमेशा के लिए बदल दिया है। उन्होंने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी जी के दिल में जो नफरत है, उससे लड़ता हूं। यह विचारधारा की लड़ाई है, जिससे मेरा परिवार वर्षों से लड़ रहा है। मेरे ऊपर 24 केस हैं, लेकिन ओवैसी जी पर एक भी केस नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे पीछे हर वक्त ED, CBI, IT लगी रहती है, लेकिन ओवैसी जी के पीछे कौन सी एजेंसी है? ओवैसी जी, पीएम मोदी की मदद करते हैं, इसलिए वह उनको कुछ नहीं करते।

# ग्रामवासियों को पंचप्रण के संकल्प की शपथ दिलाई



(भव्य प्रभात)
हाथरस । जिला कृषि अधिकारी आर0 के0 सिंह ने अवगत कराया है कि श्री साहित्य प्रकाश मिश्र मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा विकासखण्ड हाथरस की ग्राम पंचायत टिपरस में कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों को पंचप्रण के संकल्प की सपथ दिलाई गई। लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण किए गए। इस मौके पर उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, एडीओ पंचायत एवम विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी डे नोडल अधिकारी एवम विभागीय कर्मचारियों को कार्यक्रम में समय से पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।कल दिनांक 29.11. 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकास खण्ड मुरसान के ग्राम पंचायत चितावर में प्रातः 10 बजे से एवं ग्राम अर्जुनपुर में दोपहर 2 बजे से आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विकास खण्ड हाथरस के ग्राम पंचायत नगला इमलिया में प्रातः 10 से एवं ग्राम पंचायत बाघऊ में दोपहर 2 बजे से, विकास खण्ड सादाबाद के ग्राम पंचायत कंजौली में प्रातः 10 से एवं ग्राम पंचायत बघेना में दोपहर 2 बजे से, विकास खण्ड सिकंदराराऊ के ग्राम पंचायत नीरजा गोकुलपुर में प्रातः 10 से एवं ग्राम पंचायत नरहरपुर दोस्तपुर में दोपहर 2 से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
उन्होंने बताया है कि ग्राम पंचायतो में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में राजस्व, कृषि, सहकारिता, ग्राम विकास, पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण एवम बाल विकास, आपूर्ति , नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, शिक्षा विभागों द्वारा संचालित योजनाओ के अवशेष पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ०९ को

हाथरस । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार दिनांक 09 दिसम्बर, 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अपर जनपद न्यायाधीश, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, महेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस के प्रभारी सचिव, मुन्नालाल की उपस्थिति में एक बैठक समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, महेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारीगण से राष्ट्रीय लोक अदालत दिनॉक 09.12.2023 में राजस्व, स्टाम्प व फौजदारी एवं अन्य मामलों के अधिक से अधिक वादों को निस्तारण करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये तथा उन्होंने अब तक नियत किये गये वादों की स्थिति के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी, हाथरस से राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जारी सम्मन, नोटिस की तामीला पक्षकारों पर कराये जाने के सम्बन्ध में अधिक से अधिक पुलिस कर्मी लगाये जाने एवं अधिक से अधिक नोटिस तामीला कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारीगण से यह भी अपेक्षा की गयी है कि पक्षकारों को सुलह–समझौता के आधार पर वादों को निस्तारण कराने के सम्बन्ध में उत्प्रेरित करें। समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मौ. मोईन उल इस्लाम, उप जिला मजिस्ट्रेट, सासनी, लवगीत कौर, उप जिला मजिस्ट्रेट, हाथरस, रवेन्द्र कुमार, उप जिला मजिस्ट्रेट, सादाबाद, मनीष चौधरी, उप जिला मजिस्ट्रेट, सिकन्द्राराऊ, वेद सिंह चौहान, पुलिस क्षेत्राधिकारी, हाथरस, सुरेन्द्र सिंह, तहसीलदार, सादाबाद, विक्रम सिंह चाहर, तहसीलदार, हाथरस, चन्द्र प्रकाश सिंह, उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हाथरस, नीतू सिंह, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, प्रमोद कुशवाह, जिला पूर्ति अधिकारी, डी.आर. यादव, नगर पालिका परिषद, हाथरस की ओर से अभिलाष रायकवार, आदि उपस्थित रहें।

## गांव सुल्तानपुर से बुग्गी चुरा ले गए चोर

सहपऊ। क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी फौरन सिंह ने कोतवाली में बुग्गी चोरी होने की तहरीर दी है। सोमवार की शाम को वह अपनी बुग्गी को खेत पर पेड़ से बांध कर आया था। मंगलवार की सुबह जब वह खेत पर गया तो बुग्गी वहां से गायब थी। उसका कहना है कि बुग्गी में अभी कुछ दिन पहले उसने नए ट्यूब टायर डलवाए हैं । वह उस बुग्गी से अपने परिवार की जीविका चलाता था । उसने पुलिस से बुग्गी को तलाश करने की गुहार लगाई है ।

## दुकान में कूमल लगाकर चोरी

हाथरस। कोतवाली सदर क्षेत्र के होली वाली गली में बर्तन की दुकान में कूमल लगाकर चोरों ने गल्ले में रखी नगदी चोरी करके ले गए। मंगलवार सुबह व्यापारी जब दुकान आया तो उसे चोरी की घटना के बारे में जानकारी हुई। सूचना देने पर पुलिस ने मौके पर आकर छानबीन की।
शहर के कमला बाजार निवासी संजीव गुप्ता बर्तन का कारोबार करते है। शहर के बीच में ही होली वाली गली में उनकी थोक के बर्तनों की दुकान है। सोमवार रात को दुकान बंद करके वो घर चले गए। तभी देर रात को चोर दुकान की छत से आए और झीने के पास कूमल लगाकर दुकान में प्रवेश कर गए। गल्ले रखी नगदी चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह व्यापारी संजीव गुप्ता दुकान पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि गल्ले में रखे करीब 25 हजार रुपये चोरी हुई है। पीड़ित व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली सदर में तहरीर दी है।

## पुलिस ने तीनों को जेल भेजा

हाथरस, । कोतवाली सहपऊ पुलिस ने चिलर का ताला तोड़कर सामान चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को पकड़ लिया। जिनके कब्जे से चोरी का सामान बैटरी, बैल्डिंग मशीन, कॉपर केबिल आदि बरामद की। पुलिस ने तीनों चोरों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।
कस्बा सहपऊ के हनुमान टीला के पास स्थित बंद पड़े चिलर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर वहां से सामान चोरी कर लिया। घीरेन्द्र चौधरी पुत्र महेन्द्र निवासी सादाबाद ने चिलर में हुई चोरी की रिपोर्ट कोतवाली सहपऊ में दर्ज कराई। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार किए तीनों चोरों के कब्जे से चोरी का सामान 02 बैटरी, बैल्डिंग मशीन व 65 फुट कॉपर की केबल आदि बरामद हुए है । पकड़े गए चोरों में छोटूखां पुत्र मुनेश खां निवासी मानिकपुर रेलवेलाइन के पास थाना सहपऊ और आजिम खांन पुत्र इस्लाम खां मूल निवासी विजहैरा थाना इग्लाश जनपद अलीगढ हाल निवासी मोहल्ला धोवियान कस्वा व थाना सहपऊ के अलावा नाबालिग शामिल था। पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दिया। जबकि नाबालिग को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

### मथुरा के परखम में बन रहे दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवँ प्रशिक्षण केंद्र के लोकार्पण में जनपद से हजारों कार्यकर्ता एवं गौभक्त हुये शामिल

# जिला प्रचारक मुनेंद्र ने नारियल फोड़ कर सभी बसों को किया रवाना

- **बस रवानगी से पूर्व हुआ गायत्री मंत्र का हुआ उच्चारण**
- **भारत माता की जय ,गौमाता की जय के लगे जय घोष**



(भव्य प्रभात)
हाथरस। मथुरा के परखम में बन रहे दीन दयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवँ प्रशिक्षण केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिये जनपद से हजारों कार्यकर्ता मथुरा कें परखम स्थित गऊ ग्राम पहुँचे।

दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान व प्रशिक्षण केंद्र जाने के लिये बसों को आगरा रोड स्थित केवलगाड़ी के पास निर्धारित स्थान पर एकत्रित किया गया। गायत्री मंत्रउच्चारण किया गया उपरांत जिला प्रचारक मुनेंद्र ने नारियल फोड़ कर सभी बसों को रवाना किया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय एवँ गौमाता की जय के नारे लगाये। अनुसंधान पहुँचने के लिये कार्यकर्ताओं में काफी जोश था। कार्यकर्ता सुबह से ही अपने निर्धारित स्थान पर खड़ी बसों पर पहुँच गये। सभी बसों के बस प्रमुखों ने अपने क्षेत्र की चिता करते हुये कार्यकर्ताओं को बस में बैठाया।

बता दें कि भारतीय शास्त्रों में गाय के महत्व का वर्णन किया गया। मानव समाज के लिए गाय की उपयोगिता और मानव के लिए जीवन रक्षा कैसे हो सकती है? इस पर निर्माणाधीन दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान व प्रशिक्षण केंद्र पर अनुसंधान किया जायेगा। यहां वैज्ञानिकों द्वारा गाय के दूध ,घी के अलावा गाय के मूत्र ,गोबर ,लार आदि पर अनुसंधान किया जायेगा। अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र में विश्व स्तरीय निर्माण एवं गायों का संवर्धन और उसका प्रशिक्षण भी किया जायेगा। अनुसंधान केंद्र का पूरा निर्माण समाज के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें समाज का कोई भी व्यक्ति, कोई भी दानदाता सहयोग राशि के रूप में अपना सहयोग दे सकते हैं। दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान व प्रशिक्षण केंद्र में दान देने के लिए जिले की संग्रह टोली बनाई गई है। व्यवस्था में जिला प्रचारक मुनेंद्र ,नगर प्रचारक अनमोल , सह विभाग कार्यवाह अजयं कुलश्रेष्ठ ,विभाग योग प्रमुख हजारी लाल ,जिला कार्यवाह रामकिशन ,जिला सेवा प्रमुख आलोक पचौरी , जिला व्यवस्था प्रमुख मनीष अग्रवाल ,जिला प्रचार प्रमुख आशीष सेंगर ,नगर कार्यवाह भानु ,सह नगर कार्यवाह टिंकू राना ,देवेंद्र तोमर ,दीपक पवार ,विपिन कुमार आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता जुटे रहे।

# जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता :डीएम



(भव्य प्रभात)
हाथरस । जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। जनशिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लम्बित है तो दूरभाष पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। विशेषकर भूमि सम्बन्धी विवाद में उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी यदि आवश्यक हो तो राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जनसमस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाये। सरकारी सीयूजी नम्बर पर अधिकारीगण स्वयं उत्तर दें एवं जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर भी सम्पर्क में रहें, जिससे जनपद में समन्वित रूप से जनसमस्याओं का निस्तारण हो सके। प्रदेश में आई0जी0आर0एस0 की प्रणाली लागू है अगर शिकायतों का निस्तारण समय पर हो तो जनपद की रैंक अच्छे स्तर पर रहेगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि नियमित रूप से आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, संपूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जाये।

जनता दर्शन के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 डा0 बसंत अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट प्रज्ञा यादव उपस्थित रहे।

## नई शिक्षा नीति-२०२० और एनसीएफ २०२३ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

हाथरस। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, हाथरस में मंगलवार को शैक्षिक सेमिनार के अंतर्गत नई शिक्षा नीति–2020 और एनसीएफ 2023 विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में नई शिक्षा नीति पर विचार मंथन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक डॉ ऋचा गुप्ता व अतिथियों ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित श्री रामेश्वर दास अग्रवाल कन्या महाविद्यालय हाथरस के गृह विज्ञान विभाग की प्रोफेसर रंजना सिंह ने नई शिक्षा नीति–2020 व एनसीएफ–2023 के विषय में विस्तार पूर्वक शिक्षकों को समझाया। अतिथि वक्ता सेठ पीसी बागला पीजी कॉलेज हाथरस के बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डी के दीक्षित ने नई शिक्षा नीति– 2020 व एनसीएफ– 2023 पर विस्तार से शिक्षकों को बताया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने नई शिक्षा नीति पर बताते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बेसिक और माध्यमिक के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए सेमिनार में डायट प्रवक्ता उमा गौतम द्वारा एनसीएफ– 2023 पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और बच्चों के पंचकोशीय विकास को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता उमा गौतम व नूपुर गर्ग द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. ऋचा गुप्ता, उप प्राचार्य शौकीन सिंह यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता वीरपाल सिंह एवं वरिष्ठ प्रवक्ता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भी अपने विचार रखे और सभी का मार्गदर्शन किया साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।

# छात्र छात्राओं को वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग की दी जानकारी

### यातायात माह के तहत श्री अक्रूर इण्टर कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हाथरस। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी यातायात हाथरस द्वारा "यातायात माह" के तहत श्री अक्रूर इण्टर कॉलेज, हाथरस में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र छात्राओं एवं स्टॉफ को किया जागरुक ।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 28.11.2023 को पुलिस अधीक्षक हाथरस देवेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी यातायात श्री अखिलेश कुमार बघेल द्वारा "यातायात माह" के तहत श्री अक्रूर इण्टर कॉलेज, हाथरस में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिसकर्मी, स्कूल के प्रधानाचार्य, प्रबंधक, छात्रछात्राएं तथा स्कूल स्टॉफ मौजूद रहें ।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी यातायात द्वारा उपस्थित छात्रछात्राओं व स्कूल स्टॉफ को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई । कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं स्टॉफ को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग अवश्य करें, भीड़ वाले क्षेत्र में वाहन को निर्धारित गति में चलायें, नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें, स्टंट बाइकिंग से बचें, वाहनों में काली फिल्म, हूटर, प्रेशर हार्न का प्रयोग न करें, मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें, गलत दिशा में न चलें तथा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाये । दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें । यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे । इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित छात्रछात्राओं व स्टॉफ को पैम्फलेट्स वितरित किये गये जिस पर विस्तार से सभी यातायात नियमों का उल्लेख है ।

यातायात पुलिस द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर चौकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आदि वाहनों की चेकिंग की गई तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर करीब 210 वाहनों के चालान किये गये ।

# ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी टी-20 सीरीज जीतने उतरेगा भारत

गुवाहाटीं वनडे विश्वकप के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के सदस्य श्रेयस अय्यर की रायपुर और बंगलूरू में होने वाले चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में वापसी हो रही है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि श्रेयस अंतिम एकादश में तिलक के स्थान पर वापसी करेंगे। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में मंगलवार को भारतीय टीम पहली बार ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी टी-20 सीरीज जीतने के लिए उतरेगी। पांच मैचों की सीरीज में भारत पहले दो मैच जीतकर 2-0 की बढ़त पर है। तीसरा मैच जीतने पर भारतीय टीम सीरीज में अजेय 3-0 की बढ़त ले लेगी। बीते तीन वर्षों में भारत ने ऑस्ट्रेलिया से तीन मैचों की दो टी-20 सीरीज 2-1 के अंतर से जीती हैं। तिलक के लिए अहम होगा मैच लगातार 12वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे तिलक वर्मा के लिए यह मुकाबला अहम रहेगा। पिछले दो मैचों में उन्हें बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला। उन्होंने दो पारियों में सिर्फ 12 गेंदें ही खेली हैं। वनडे विश्वकप के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के सदस्य श्रेयस अय्यर की रायपुर और बंगलूरू में होने वाले चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में वापसी हो रही है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि श्रेयस अंतिम एकादश में तिलक के स्थान पर वापसी




करेंगे। वह अंतिम दो मैचों में ऋतुराज गायकवाड़ के स्थान पर टीम की उपकप्तानी भी करेंगे। यही कारण है कि तिलक से इस मैच में बड़ी पारी की उम्मीदें लगाई जा रही हैं। फिर बरसेंगे रन बरसापाड़ा स्टेडियम की पिच हमेशा बल्लेबाजों की सहायक रही है। इस बार भी यही उम्मीद है कि यहां पिछले दो मैचों की तरह रन बरसेंगे। मुकाबले के दौरान 40 हजार दर्शकों से स्टेडियम भरा रहने की उम्मीद है। भारत ने दो मैचों में 36 बाउंड्री और 24 छक्के लगाए हैं। भारतीय बल्लेबाजों के सामने यहां इनकी संख्या बढ़ाने का अच्छा मौका होगा। शीर्ष क्रम ने खूब बनाए हैं रन भारतीय शीर्ष क्रम ने पिछले दो मैचों में जमकर रन बरसाए हैं। यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ और सूर्यकुमार यादव एक-एक अर्धशतक लगा चुके हैं। वहीं वनडे विश्वकप में ज्यादा मौके नहीं पाने वाले ईशान किशन ने दो अर्धशतक लगाए हैं। रिंकू सिंह ने दोनों मैचों में जिस तरह की बल्लेबाजी की है।

## गिरोना ने एथलेटिक बिलबाओ से ड्रा खेला, तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवाया

गिरोना फुटबॉल क्लब ने सोमवार को यहां एथलेटिक बिलबाओ से 1-1 से ड्रा खेला जिससे उसने स्पेनिश लीग तालिका में शीर्ष पर वापसी करने का मौका गंवा दिया। गिरोना ला लीगा में अपने पिछले 12 में से 11 मैच जीतकर सभी को हैरान करने वाली टीम रही है। उसके लिए यूक्रेन के विक्टर सिगानकोव ने 55वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। पर इसके 12 मिनट बाद इनाकी विलियम्स ने गोल कर एथलेटिक बिलबाओ को बराबरी पर ला दिया। इस मुकाबले में अंक बांटने के बावजूद गिरोना तालिका में दूसरे स्थान पर बरकरार है। वह अंक के मामले में शीर्ष पर चल रहे रियाल मैड्रिड (35 अंक) की बराबरी पर है। लेकिन क्लब एटलेटिको मैड्रिड और बार्सिलोना से चार अंक आगे हैं जो संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। एथलेटिक बिलबाओ पांचवें स्थान पर है।

## ओडिशा एफसी ने मोहन बागान को 5-2 से हराया

ओडिशा एफसी ने एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) के मौजूदा चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट्स को उनके घरेलू मैदान में 5-2 से हराकर स्तब्ध कर दिया। हुगो बौमास ने मैच के 17वें मिनट में मोहन बागान का खाता खोला लेकिन रॉय कृष्णा (29वां मिनट), डियागो मौरिको (32वां मिनट) और साइ गोड्डार्ड (41वां मिनट) के गोल से ओडिशा ने 3-1 की बढ़त बना ली। कियान निस्सारी ने मैच के 63वें मिनट में गोल कर मोहन बागान की वापसी करायी लेकिन आखिरी मिनटों में अनिकेत जाधव (902 मिनट) और इसाक वानलालरुतफेला के गोल से ओडिशा की टीम ने 5-2 की बढ़त बनाकर मैच अपने नाम करने में सफल रही।

## आईपीएल 2024 के लिए एमएस धोनी ने शुरू की तैयारी, टेनिस खेलने का वीडियो वायरल

आईपीएल 2024 के लिए सभी टीमों की तैयारियां जोरों शोरो पर है। वहीं इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, एमएस धोनी ने तैयारी शुरू कर दी है। चेन्नई सुपर किंग्स के रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट सामने आते ही साफ हो गया था कि एमएस धोनी आगामी सीजन में एक बार फिर बतौर कप्तान नजर आएंगे। हालांकि, सबसे बड़ी चिंता फैंस को उनके घुटने की चोट को लेकर है। धोनी पहले ही साफ कर चुके हैं कि वो आईपीएल का नया सीजन खेलेंगे। लेकिन वह कितने मैच खेलते हुए नजर आएंगे इस पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। धोनी की आईपीएल के पिछले सीजन के तुरंत बाद घुटने की सर्जरी हुई थी। जिस कारण वो पिछले काफी समय से रिहैब प्रोसेस में हैं। वह कुछ दिन पहले अपनी पत्नी के साथ अपने पैतृक गांव भी पहुंचे थे। जहां धोनी सीढ़ियों से उतरते समय घुटने की चोट से परेशान लग रहे थे। हालांकि, वर्तमान वीडियो के सामने आने से सीएसके फैंस खुश दिख रहे हैं। फिलहाल, उनका वीडियो आया है, जिसमें वह अपने साथियों के साथ टेनिस खेलते हुए दिख रहे हैं। धोनी काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं और लग नहीं रहा है कि उनको घुटने में कोई परेशानी है।

## तीसरे टी20 मुकाबले से पहले बाहर हुए ये ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, मैक्सवेल और स्मिथ भी लौटेंगे स्वदेश

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज के बीच में अपने स्क्वॉड में बदलाव किया है। टीम के दिग्गज खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ ने सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। जिसके बाद स्क्वॉड में 4 नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। वर्ल्ड कप के बाद ये खिलाड़ी भारत में टी20 सीरीज खेलने के लिए रुके थे। बता दें कि, सीन एबॉट, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, स्टीव स्मिथ और एडम जैम्पा ने अपने नाम वापिस ले लिए हैं।

## डीजल वाहनों की मियाद 10 वर्ष, टैक्स ले रहे 15 वर्ष का : सैलजा

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने डीजल वाहनों पर लिये जाने वाले टैक्स का ज्वलंत मुद्दा उठाया है तथा स्क्रैप नीति में निजी उपयोग वाले वाहनों के लिये मियाद 15 वर्ष तय करने की हरियाणा सरकार से मांग की है। सुश्री सैलजा ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने डीजल वाहनों की मियाद 10 वर्ष तय की है लेकिन वह इनके पंजीकरण पर टैक्स 15 साल के लिये वसूल रही है। उन्होंने कहा कि जब डीजल वाहनों पर टैक्स 15 वर्ष के लिये लिया जा रहा है तो उन्हें 10 वर्ष पूरे होने पर स्क्रैप पॉलिसी के अंतर्गत लाना सरासर गलत और लोगों की जेब पर डाका डालने का कुत्सित प्रयास है। उन्होंने इस सम्बंध में हरियाणा में भी डीजल वालों पर 15 वर्ष के लिये टैक्स लिये जाने का मुद्दा उठाया है जबकि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में डीजल वाहनों की मियाद दस वर्ष कर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे जिलों में डीजल वाहनों पर 15 वर्ष के लिये टैक्स वसूल कर चुकी है। सुश्री सैलजा ने हरियाणा सरकार से भी



डीजल वाहनों के पंजीकरण तथा इनकी मियाद 15 वर्ष तक करने के लिये मोटर वाहन पंजीकरण अधिनियम में संशोधन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को स्क्रैप नीति में निजी उपयोग वाले डीजल वाहनों लिये मियाद 15 वर्ष तय करनी चाहिये। इससे पहले इन वाहनों को स्क्रैप करने का सरकार का फैसला पूरी तरह से जनविरोधी और लोगों को परेशान करने वाला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि निजी डीजल वाहन का 10 साल में कुछ नहीं बिगड़ता और इसे इतने कम समय में खत्म करना लोगों पर बड़ी आर्थिक चोट साबित होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों में निजी डीजल वाहन के इस्तेमाल के लिये 10 साल का समय तय है, लेकिन इसके बाद अन्य जिलों या देश के अन्य हिस्सों के लोग इन वाहनों को खरीद लेते हैं। ऐसे में वाहन मालिक को भी इनकी उचित कीमत मिल जाती है। उन्होंने कहा कि यदि 10 वर्ष की समय सीमा में यह वाहन किसी अन्य जिले में चला ही गया है तो इसे स्क्रैप करने की समय सीमा 15 साल रखी जानी चाहिये।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने जीता फैंस का दिल, स्पोर्ट्मैन स्पिरिट दिखा नहीं लिया पेनल्टी कॉर्नर

*फिर रैफरी मा निंग ने पिच के पास लगे मॉनिटर पर इसकी जांच की और अपने फैसले को पलट दिया। अल नासर के डिफेंडर अली लाजिमी को मैच के 17 मिनट के अंदर ही लाल कार्ड दिखा दिया गया जिससे टीम 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर थी।*

रियाद। अल नासर के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोमवार को यहां खेल भावना का शानदार नजारा पेश करते हुए ईरान के पर्सेपोलिस क्लब के खिलाफ एशियाई चौम्पियंस लीग (एसीएल) के गोलरहित ड्रा मुकाबले में खुद को मिले पेनल्टी मौके को रद्द करने में मदद की। रोनाल्डो मैच के शुरूआत में ही बॉक्स के अंदर गिर गये और रैफरी ने तुरंत ही पेनल्टी प्रदान कर दी। लेकिन रोनाल्डो ईमानदारी दिखाते हुए इस पेनल्टी का विरोध कर रहे पर्सेपोलिस के खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गये। फिर रैफरी मा निंग ने पिच के पास लगे मॉनिटर पर इसकी जांच की और अपने फैसले को पलट दिया। अल नासर के डिफेंडर अली लाजिमी को मैच के 17 मिनट के अंदर ही लाल कार्ड दिखा दिया गया जिससे टीम 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर थी।



# मुझे भी बोला था पूरी नंगी होने को

## हिट फिल्में करके भी क्यों नहीं मिल रहा नरगिस फाखरी को काम? कहा– कभी औरत होने का फायदा नहीं उठाया

कुछ अरसा पहले शशिव शास्त्री बलबोवाश में नजर आने वाली नरगिस फाखरी इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई वेब सीरीज शटटलूबाजश से। इस सीरीज के जरिए नरगिस अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। शरॉकस्टारश फेम एक्ट्रेस ने नवभारत टाइम्स के साथ अपने सीरीज, प्यार–मोहब्बत, रॉकस्टार, अपने अंग्रेजी लहजे और औरत होने की ताकत पर बात की है। हिट फिल्में करके भी क्यों नहीं मिल रहा नरगिस को काम? बोलीं– मैंने कभी औरत होने का फायदा नहीं उठाया शमुझे लगता है कि जब आपका कठोर वास्तविकता से पाला पड़ता है, तो आप समझ जाते हैं कि प्यार हमेशा फूलों की सेज नहीं होतीश्शमेरा चरित्र बहुत मसालेदार है, वह जानती है कि लोगों के साथ कैसे खेलना है। उसके पास हमेशा एक प्लानिंग होती हैश रॉकस्टार, मैं तेरा हीरो जैसी फिल्में करने के बावजूद आप कम काम क्यों कर रही हैं? –यह मेरी पसंद है, मैं अपना जीवन जीना चाहती हूं और खुश रहना चाहती हूं। मेरे पास एक ऐसी जगह है, जहां मैं चुन सकती हूं कि मुझे क्या करना है। देखिए, जिंदगी में वर्क–लाइफ बैलेंस महत्वपूर्ण है और मेरे करियर के अलावा मेरा परिवार, दोस्त भी हैं। मुझे लगता है कि यह कम काम नहीं है, मैं विज्ञापन फिल्मों में काम करती हूं। मैंने पिछले दिनों शिव शात्री बलबोवा जैसी फिल्म की। मैं एक ग्लोबल स्टार भी हूं, जो अमेरिका में भी काम करती है। हाल ही में आपकी फिल्म रॉकस्टार ने 11 साल पूरे किए हैं। रोमांस और ट्रेजिडी के लिहाज से ये अलग फिल्म थी। आप प्यार के बारे में क्या सोचती हैं? – समय कैसे उड़ जाता है, यही सोच रही हूं। जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो बस ग्रेटफुल महसूस करती हूं। इस फिल्म ने दर्शकों पर इतना प्रभाव डाला है, यह सौभाग्य की बात है कि मैं उस फिल्म का हिस्सा हूं। फिल्म बनाते समय मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फिल्म इतनी सारी रूहों को छुएगी। अपने पूरे जीवन में हमने कई फिल्में देखीं और हमें प्रेम के विभिन्न फलसफों के बारे में पता चला। लेकिन मुझे लगता है कि जब आपका कठोर वास्तविकता से पाला पड़ता है, तो आप समझ जाते हैं कि प्यार हमेशा फूलों की सेज नहीं होती, इसमें दिल टूटना, निराशा जैसे अन्य सभी पहलू हैं क्योंकि हम में से हर कोई इंसान है। रॉकस्टार ने प्यार के हर पहलू को छुआ। इसलिए हर कोई इससे जुड़ाव महसूस करता है, क्योंकि हमें वो हर कोई नहीं मिलता, जिससे हम प्यार करते हैं। बावजूद इसके मैं मैं प्यार और रोमांस को लेकर आशान्वित हूं। वैसे मैं लव के बजाय आइडिया ऑफ लव में यकीन करती हूं। आप इतनी खूबसूरत और हैपनिंग होने के बावजूद सिंगल क्यों हैं? आपका रिलेशनशिप स्टेटस क्या है? –लोग कहते हैं कि जब मैं इतनी परफेक्ट हूं, तो मैं परफेक्ट रिश्ते में क्यों नहीं हूं (मुस्कुराकर) मैं परफेक्ट हूं, लेकिन दूसरा इंसान नहीं है। जब मैं कहती हूं कि मैं रोमांटिक हूं तो जाहिर तौर पर मैं किसी की तलाश में हूं। मुझे अपने दोस्तों, परिवार और किसी खास व्यक्ति के साथ अपना जीवन शेयर करने में मजा आएगा, मगर साथ ही में सेल्फ लव में भी यकीन करती हूं। मैंने एक ऐसी लड़की की टेड टॉक देखी है जिसने वास्तव में खुद से शादी की थी। वाकई आत्म प्रेम बहुत जरूरी है, किसे अपना जीवन देना है यह जरूरी है। आपको पता होना चाहिए कि कौन है वो जो आपकी जिंदगी में आ सकता है? रॉकस्टार की कोई याद शेयर करना चाहेंगी आप? – बहुत सारी यादें हैं, लेकिन एक याद जो बार–बार उभर रही है, वह है कश्मीर में हमारे शेड्यूल के दौरान ढाबों पर खाना खाना। मैं, रणबीर कपूर और इम्तियाज अली (फिल्म के निर्देशक) सभी खाने के शौकीन हैं और हमें खाना बहुत पसंद है। मुझे याद है कि मैं वो सब कुछ खाती थी, जो निश्चित रूप से मेरे पेट के लिए अच्छा नहीं था। एक खाना जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद आया वह था वाजवान। हम लोग एक घेरा बना कर बैठते थे और हम सब बातें करते और खाना खाते थे। आपकी ताजातरीन वेब सीरीज की बात करूं, तो टटलूबाज में आपके लिए क्या खास था, जो आप इसके जरिए अपना डिजिटल डेब्यू करने को राजी हुईं? –मैं इसाबेल त्रिपाठी नामक किरदार निभा रही हूं, यह एक दिलचस्प किरदार है। जब मैंने एपिसोड पढ़ने शुरू किए, तो मैंने एक ही बार में सभी 7 एपिसोड खत्म कर दिए। मेरा चरित्र बहुत मसालेदार है, वह जानती है कि लोगों के साथ कैसे खेलना है। उसके पास हमेशा एक प्लानिंग होती है और वो जानती है कि चीजों से बचने के लिए अपनी कामुकता का उपयोग कैसे करना है। सच कहूं, तो मैं इस लिहाज से इसाबेल से एकदम अलग हूं, मैं एक टॉम बॉय की तरह हूं, इसीलिए मुझे यह किरदार बहुत दिलचस्प लगा। क्या असल जिंदगी में आपने औरत होने के नाते अपने स्त्री आकर्षण का इस्तेमाल किया है? – बिलकुल नहीं। मैंने कभी अपने औरत होने का फायदा नहीं उठाया। जैसा कि मैंने कहा इसाबेल से बिल्कुल अलग। मैं असल जिंदगी में कमीडियन की तरह हूं। मेरा कॉमिक स्ट्रीक बहुत मजबूत है। मैं मजाकिया हूं और लोग मेरे उस पहलू को पसंद करते हैं। जब मैं मजाकिया अंदाज में होती हूं, तो लोग उसका मजा लेते हैं। आपकी अमेरिकी बैकग्राउंड और अंग्रेजी लहजा आपके लिए प्लस पॉइंट रहा या माइनस पॉइंट? अपनी हिंदी पर कितना काम कर रही हैं? – यह इस पर निर्भर करता है कि आप इसे कैसे देखते हैं। मैं यह विश्वास करना चाहूंगी कि मैंने अब तक जितने भी किरदार निभाए हैं, उनमें मैं निश्चित रूप से फिट बैठी हूं। मैं खुद बनकर खुश हूं। इसाबेल देसी है, लेकिन वह मिश्रित पृष्ठभूमि से है, जो बनारस में पली–बढ़ी हैं। मुझे हमेशा अपने अनुसार अच्छी भूमिकाएं मिली हैं। ईमानदारी से कहूं, तो हिंदी भाषा समझने में मैं सहज हूं। लेकिन अगर आप मेरे साथ ईमानदारी से दिल से दिल की बातचीत करना चाहते हैं, तो मैं अंग्रेजी पसंद करूंगी, क्योंकि मैं अंग्रेजी में सोचती हूं। कभी–कभी चुटकुले और कुछ लोकल गालियां मुझे समझ में नहीं आतीं। महिलाओं के हालात के बारे में आप क्या सोचती हैं? – मैं एक अलग समाज से आती हूं, जहां महिलाएं बहुत शक्तिशाली, मर्दाना और आक्रामक हैं। मैं जहां से आई हूं, वहां मेरे पास शिक्षा से लेकर फाइनांस तक सभी अवसर थे। मुझे बुरा लगता है जब महिलाओं को उस तरह के मौके नहीं मिलते। मुझे दुख और निराशा होती है। मेरी मां हमेशा मुझसे कहती थीं कि अपनी पढ़ाई पूरी करो, कमाओ और अपने पैरों पर खड़ा हो जाओ, तभी आपको आजादी मिल सकती है।



## रॉबर्ट पैटिनसन बनने वाले हैं पापा, गर्लफ्रेंड सूकी वॉटरहाउस ने दिखाया अपना बेबी बंप

ट्वाइलाइट और द बैटमैन स्टार रॉबर्ट पैटिनसन और उनकी पार्टनर सूकी वॉटरहाउस माता–पिता बनने वाले हैं। सूकी वॉटरहाउस गर्भवती हैं और उन्होंने एक उत्सव में अपना बेबी बंप दिखाकर खुशखबरी साझा की। ट्वाइलाइट स्टार रॉबर्ट पैटिनसन पिता बनने वाले हैं।

वह और उनकी पार्टनर सूकी वॉटरहाउस जल्द ही माता–पिता बनने वाले हैं। अंग्रेजी अभिनेत्री और गायिका–गीतकार ने हाल ही में मैक्सिको में कोरोना कैपिटल फेस्टिवल के दौरान अपनी गर्भावस्था का खुलासा किया। सूकी वॉटरहाउस उस उत्सव में प्रदर्शन कर रहा था। उन्होंने ऐसा आउटफिट पहना हुआ था जिसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें सूकी वॉटरहाउस का बेबी बंप नजर आ रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि सुकी वॉटरहाउस परफॉर्मेंस के बीच में कुछ देर के लिए रुकती हैं और फिर फैन्स को अपना आउटफिट दिखाती हैं। उसमें उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। वीडियो में वह कह रही हैं, श्मैंने सोचा कि जो मैं झेल रही हूं या जो मुझे अभी–अभी मिला है, उससे आपका ध्यान भटकाने के लिए मैं कुछ चमकीला पहनूंगी। पता नहीं यह काम कर रहा है या नहीं।श जब से यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, उनके प्रशंसकों को खुद को शांत रखने में काफी दिक्कत हो रही है।



रॉबर्ट पैटिंसन और सूकी वॉटरहाउस 5 साल से एक साथ हैं रॉबर्ट पैटिनसन और सुकी वॉटरहाउस पिछले पांच वर्षों से एक साथ हैं और अब गर्भावस्था की खबर ने वास्तव में उनके दिलों को खुशी से भर दिया है। सुकी वॉटरहाउस की इस आधिकारिक घोषणा से पहले एक सूत्र ने हमारे सहयोगी इकोनॉमिक टाइम्स को बताया था कि रॉबर्ट पैटिनसन और सुकी वॉटरहाउस जल्द ही अपने पहले बच्चे के माता–पिता बनने वाले हैं। सूत्र ने बताया, ष्सुकी बहुत खुश और उत्साहित हैं। वह इस अनुभव का आनंद ले रही हैं।ष्

अनजान लोगों के लिए, सुकी वॉटरहाउस और रॉबर्ट पैटिनसन ने अभी तक न तो सगाई की है और न ही शादी की है। 2020 में एक सूत्र ने श्ईटी ऑनलाइनश् को बताया था कि न तो रॉबर्ट और न ही सूकी को सगाई की कोई जल्दी है और वे एक–दूसरे के साथ अपना समय एन्जॉय कर रहे हैं। दोनों एक दूसरे पर सगाई के लिए दबाव भी नहीं बना रहे हैं।

# रायबरेली में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल






रायबरेली। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के हाथों में रायबरेली की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं है। उनके साथ देने के लिए एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया है। प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सही कराने का दावा करने वाले राज्यमंत्री के जिले का हाल बदहाल है। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से बदहाली है। जिला अस्पताल में गंदी चादरों का ढेर लगा हुआ है। वहीं बिना चादरों के ही मरीजों को बेड पर लेटाया जा रहा है। मरीजों दूसरा वीडियो एम्बुलेंस से धान ढोने का है। जो की खूब चर्चाएं बटोर रहा है। अस्पताल में चादर कंबल की कोई कमी नहीं रायबरेली में मौसम ने एकाएक करवट ली है। दो दिनों के अंदर खासा ठंड बढ़ गई है। लेकिन रायबरेली जिला अस्पताल में मरीजों के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों की तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आलम ये है की ठंड में कंबल के बिना ही मरीज रह रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र मौर्या का कहना है कि अस्पताल में चादर और कंबल की कोई कमी नहीं है। ये सिस्टर की कमी है। मेरा निर्देश है कि मरीज को चादर और कंबल जरूर दिया जाए। ऊंचाहार में सरकारी एम्बुलेंस से स्टॉफ धान की बोरियां उतार कर दो लोगों को दे रहा है। दोनों व्यक्ति बोरियां एम्बुलेंस से उतारकर सड़क पर रख रहे हैं। इससे प्रतीत हो रहा है कि सवारी तक एम्बुलेंस से ढोई जा रही है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो सपा विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पाण्डेय के विधानसभा क्षेत्र ऊंचाहार विध ाानसभा के रोहनिया सीएचसी का है। सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने संज्ञान लेते हुए एंबुलेंस चालक मामले में जांच शुरू कर दी है। सरकार की छवि को धूमिल कर रहे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। दोनों वीडियो की जांच की जा रही है। जो भी इस पर दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रोहनियां सीएचसी अधीक्षक डा. मोहम्मद अनवर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अध िकारी ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लिया गया है। अधीक्षक की रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## जालौन से विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन रवाना

उरई/जालौन। जालौन में सरकार की योजनाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के विशेष प्रचार वाहन को जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया। जिससे शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार हो सके। कल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न सुविध ााओं के बारे में लोगों को जागरुक किया जा सके। यह वाहन उरई के कलेक्ट्रेट से नदीगांव विकासखंड के ग्राम डीहा और कमसेरा के लिए रवाना किए गये। इसके बारे में जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ उन लोगों को दिलाना है, जो इससे अनभिज्ञ है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। साथ ही लोगों को जागरुक कर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने बताया कि पहले यह नदीगांव विकासखंड के ग्राम डीहा और कमसेरा में योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी। साथ ही जिले की 574 ग्राम पंचायत में यह वहां प्रचार प्रसार के लिए घूमेंगे। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी योजनाओं का लोग उठा सकें। उन्होंने कहा कि 574 ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं। जिससे छूटे हुए लाभार्थियों का नाम लिखकर उनको योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

## डेंगू की चपेट में छह और आए, अब तक 174 बीमार

उरई/जालौन। जिले में अलग–अलग स्थानों पर डेंगू के छह मरीज और मिले हैं। इसके साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 174 हो गई है। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरोधात्मक कार्रवाई की है। डेंगू मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। मंगलवार को अलग–अलग स्थानों पर डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। नमन सिंह (12) पुत्र मनीष निवासी सुशीलनगर, अल्ताफ (16) पुत्र रशीद निवासी बघौरा, भूरे (7) पुत्र सुभाष निवासी नूरपुर, सयान (12) पुत्र दिलदार निवासी गणेशगंज, विशाल (24) पुत्र रामबाबू निवासी इंदिरानगर, विपिन (26) पुत्र श्रीनारायण निवासी कांशीराम कॉलोनी को बुखार आने पर डेंगू की एलाइजा जांच कराई गई। इसमें डेंगू की पुष्टि हुई। इस पर सयान और विपिन को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर लिया गया। अन्य मरीज घरों पर इलाज ले रहे है। छह डेगू के केस आने के बाद मरीजों की संख्या बढ़कर 174 हो गई है। संचारी रोग के नोडल अधिकारी और एसीएमओ डॉ. वीरेंद्र सिंह का कहना है कि जो भी नए केस आए है। सभी की हालत ठीक है। स्वास्थ्य विभाग लगातार मरीजों पर नजर रखे हुए है। मरीजों के घरों में जाकर उनके परिजनों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। साथ ही उनके घरों के आसपास लार्वासाइड की दवा का छिड़काव कराया है। पुरानों पात्रों को खाली कराकर साफ सफाई के लिए सचेत किया गया है। उन्होंने कहा कि बुखार आने पर जांच जरूर कराए ताकि समय से बीमारी पर अंकुश लगाया जा सके।

## ग्रेटर नोएडा पहुंचे अभिनेता विक्की कौशल

नोएडा। फिल्म अभिनेता विक्की कौशल और शान्या मल्होत्रा अपनी पूरी टीम के साथ अपनी आने वाली फिल्म सैम बहादुर का प्रमोशन करने ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलेज पहुंचे। फिल्म का टीजर ट्रेलर कॉलेज में लॉन्च किया गया। फिल्म के टाइटल सॉन्ग ष्बढ़े चलोष् पर सभी कलाकार छात्रों के साथ जमकर थिरके। इस बीच कारगिल वॉरियर सूबेदार आजाद सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर 18 ग्रेनिडियर्स की विजय गाथा के बारे में बताया। इस दौरान कॉलेज प्रांगण देश के जयघोष से गुंजायमान हो गया। विक्की कौशल ने छात्रों के उत्साह की तारीफ करते हुए कहा की आप सभी ने हमारी हर फिल्म को सराहा है। उसी तरह से इस फिल्म को भी प्यार दें और मूवी जरूर देखने जाएं। अंत में दोनों कलाकारों ने फिल्म से जुड़े सवालों के जवाब दिए और बताया कि यह फिल्म बहुत ही स्पेशल है। क्योंकि यह फिल्म देश के पहले फील्ड मार्शल और आर्मी पर आधारित है। इस फिल्म में सेना के रियल जवानों ने अदाकारी भी की है। यह फिल्म 1 दिसंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला ने किया है। फिल्म की कहानी सैम मानिकशॉ की कार्यशैली और बहादुरी के ईद गिर्द घूमती है। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल और सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल ने दोनों कलाकारों को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया और फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षा से होता है जीवन में नया सवेरा: बोहरा

## विद्यार्थियों को बांटी शिक्षण सामग्री, शिक्षा के प्रति किया प्रेरित

बाड़मेर । राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में मंगलवार को परम पूज्य साध्वीश्री नीतिगुणाश्रीजी



मसा की प्रेरणा एवं श्री अचलगच्छ जैन श्रीसंघ, बाड़मेर की ओर से विद्यालय के 120 विद्यार्थियों को आवश्यक शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया । साथ ही बच्चों को सुनहरे व उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया । संघ की ओर से बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि मनुष्य जीवन को उन्नत, सहज व सरल बनाने में शिक्षा की सबसे बड़ी भूमिका रही है । अमन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षा के आगमन से उत्साह से भरपूर नया सवेरा होने लगता है तथा जीवन की अनन्त सम्भावनाओं का उदय होता है । अज्ञान से जीवन में आई अनेक समस्याओं व दिक्कतों का अन्त होने लगता है । बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण करने पर विद्यालय परिवार की ओर से श्री अचलगच्छ जैन श्रीसंघ, बाड़मेर का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया । इस दौरान विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का गंभीर आरोप

रायबरेली। रायबरेली में सरेनी पुलिस पर ठेला लगाने वाले युवकों को थर्ड डिग्री देने का का गंभीर आरोप लग रहा है। पिछले 1 घंटे से रायबरेली–कानपुर नेशनल हाईवे को आक्रोशित परिजनों और व्यापारियों ने जाम कर दिया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती देखने को मिल रही है। पुलिस मामले को समझने का प्रयास कर रही है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में आसपास के स्थानीय लोग और परिजन और उनके संपर्क में आने वाले लोग मौजूद हैं। हंगामा काट रहे हैं। पुलिस परिजनों से बातचीत कर समझने का प्रयास कर रही है। परिजनों ने कहा कि अगर मुझे इंसाफ नहीं मिला, तो हम पूरे परिवार के साथ आत्महत्या कर लेंगे। पुलिस हमें गलत तरीके से फंसाने का प्रयास कर रही है। पूरा मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरेनी चौराहे का है। जहां पर ठेला लगाने वाले 2 भाइयों और एक उसके दोस्त को पुलिस ने तीन दिन पहले एक लड़की के भागने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। पीड़ित ने बताया कि 1 साल पहले एक लड़की ने मेरा नंबर मेरे ठेले से ले लिया था। उसके बाद मेरे छोटे भाई से बातचीत कर रही थी। लेकिन जब मुझे पता चला तब मैंने अपने भाई को उसे लड़की से दूर कर दिया। उस लड़की को भी समझा दिया था। जिसके बाद से हमारा और हमारे भाई का उससे कोई मतलब नहीं था। पिछले दिनों लड़की घर से भाग गई पुलिस को गलतफहमी हुई। मुझे और मेरे भाइयों को थाने ले गई वहां पर मुझे जमकर मारा पीटा गया। मुझे थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। मेरे दोस्त को भी थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। उसके बाद मेरे छोटे भाई को पुलिस उठा ले गई। देर रात मेरे भाई को पुलिस लेकर गई। इतना मारा कि वह सुबह 3रू00 बजे बेहोश हो गया। जब उसकी हालत गंभीर हो गई तब पुलिस उसे लेकर अस्पताल पहुचीं। जहां पर अस्पताल से इंजेक्शन लगवा कर हमारे रूम पर छोड़ दिया। इतनी देर से मेरे भाई को अभी तक फोर्स नहीं आया। हमें इंसाफ चाहिए हमें और मेरे परिवार से 50 हजार रुपए भी पुलिस ले चुकी है। उसके बाद भी इतना मारा गया। मेरे भाई को की अभी तक वो बेहोश है। हमें इंसाफ नहीं मिला, तो हम पूरे परिवार के साथ आत्महत्या कर लेंगे। मौके पर भारी संख्या में सरेनी थाना प्रभारी के साथ में टीम मौजूद है। वहीं सूचना मिलते ही लालगंज की टीम भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। परिजन न्याय की गुहार और इंसाफ मांग रहे है।

**भव्य प्रभात**

# हरियाणा में लड़कियों को मुफ्त शिक्षा

हाल ही के वर्षों में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा के लिए एक प्रमुख केन्द्र के रूप में उभरा है। शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षा के अभाव में कोई भी समाज न विकसित हुआ है, न हो सकता है। कोई दौर था जब लड़कियों को शिक्षा से दूर रखा जाता था। शिक्षा के अभाव में महिलाओं का जीवन केवल परिवार तक सीमित हो चुका था लेकिन आज सामाजिक परिवर्तन के चलते लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति पर बहुत ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में आरक्षण ने भले ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने की मांग हमेशा से ही उठती रही है। आज यह भी महसूस किया जा रहा है कि आरक्षण का आधार सामाजिक न होकर आर्थिक होना चाहिए। राज्य सरकारें लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए मदद की अनेक योजनाएं चला रही है। अक्सर देखा गया है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां पैसों की कमी की वजह से पढ़ नहीं पातीं और वह हाईस्कूल के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में ही छोड़ देती हैं। हरियाणा की मनोहर लाल सरकार ने अब आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की पढ़ाई के लिए एक जबरदस्त पहल कर दी है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 180,000 से 3 लाख तक है उनकी बेटियों की कालेज एजुकेशन की आधी फीस का भुगतान सरकार करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2021 में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी परिवार पहचान पत्र योजना के तहत उन लोगों के लिए मुफ्त शिक्षा की घोषणा की थी जिसकी सत्यापित पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम थी। हरियाणा सरकार ने लड़कियों की उच्च शिक्षा ऋण योजना पहले ही लागू की हुई है। इस योजना के माध्यम से लड़कियां अपनी आगे की पढ़ाई के लिए ऋण ले सकती हैं। हरियाणा सरकार इस ऋण पर सब्सिडी भी देती है। उच्च शिक्षा के लिए ऋण लेने वाली छात्राओं का 5 प्रतिशत ब्याज माफ कर दिया जाता है। इतना ही नहीं हरियाणा सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की लड़कियां जो देश और विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं वह भी इस योजना के लाभ की पात्र हैं। बालिकाओं के प्रति सामाजिक रवैये में बदलाव लाने और उनके उत्थान के लिए हरियाणा सरकार ने कई योजनाएं चलाई हुई हैं। लाडली योजना भी हरियाणा सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। लाडली योजना का मकसद राज्य में बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करना है। लाडली योजना का लाभ वह माता–पिता उठा सकते हैं जिसकी दो बेटियां हैं। इस योजना के तहत 20 अगस्त, 2005 को या उसके बाद जन्मी बेटी और माता के नाम पर 5000 रुपए की वित्तीय सहायता किसान विकास पत्रों के जरिये हर वर्ष निवेश की जाती है और बेटी की उम्र 18 साल होने के बाद संचित राशि जारी कर दी जाती है। केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के चलते बेटियों के सपने साकार हो रहे हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत शहर में बेटी बचाओ–बेध्टी पढ़ाओ योजना का आरम्भ किया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य लिंग पक्षपातपूर्ण जैसी सामाजिक कुरीतियों से बेटियों को बचाना है। मनोहर लाल सरकार ने इस योजना पर काफी जोर दिया। जिसके चलते हरियाणा में लिंग अनुपात में काफी सुधार आया है। हरियाणा में राज्य के 10 जिलों में जन्म के समय स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन 12 जिलों में लिंग अनुपात गड़बड़ाया भी है। फिर भी कन्या भ्रूण की हत्याएं काफी हद तक बंद हो चुकी हैं। जैसे–जैसे शिक्षा का ढांचा मजबूत हो रहा है। त्यों–त्यों सामाजिक स्थिति में काफी परिवर्तन आ चुका है। आज हरियाणा में आठ केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 22 राज्य विश्वविद्यालय और प्राइवेट संस्थानों को मिलाकर कम से कम 61 विश्वविद्यालय हैं। हरियाणा को शिक्षा का पावर हाऊस बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिएलगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा के संस्थानों में अब लड़कियों का लड़कों की तुलना में अनुपात काफी अच्छा हो रहा है। अगर लड़कियों को इस तरह के प्रोत्साहन दिए जाए तो सही अर्थों में उनका सशक्तिकरण हो सकता है। हरियाणा की छोरियां कुश्ती, बॉक्सिंग और अन्य खेलों में देश का गौरव बढ़ा रही हैं। लाडली योजना हरियाणा सरकार द्वारा समाज में बालिकाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए चलाई गई है। यह योजना कन्या भ्रूण हत्या सहित सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। हरियाणा में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान मनोहर लाल सरकार कितनी गम्भीर है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अब हरियाणा के हर गांव में पढ़ी–लिखी सरपंच व पंच हैं।

# हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं

**संजीव ठाकुर**

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है स इसराइल–हमास, रूस–यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैंस यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैंस भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए,आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर–ए–तैयबा ,जैश–ए–मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे–धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न–भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना हैस भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती हैस भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका हैस आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगास वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी हैस आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही हैस वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध में भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है।


पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## पाक के आतंकी मंसूबे

हाल में जम्मू–कश्मीर में पाक प्रशिक्षित आतंकियों के हमले ने एक बार फिर देश की चिंताएं बढ़ाई हैं कि 26द11 के आतंकी हमले के पंद्रह साल बाद भी पाकिस्तान के घातक मंसूबे कायम हैं। वह भारत को नुकसान पहुंचाने के लिये आतंकवादी रणनीतियों में लगातार बदलाव कर रहा है। देश में उत्तरी सेना के एक कमांडर का यह दावा हमारी चिंता बढ़ाने वाला है कि जम्मू–कश्मीर में सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिक आतंकवादी समूहों का हिस्सा है। उन्होंने उच्च प्रशिक्षित विदेशी आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के प्रयासों की तरफ भी इशारा किया क्योंकि स्थानीय आतंकियों की भर्ती नहीं हो रही है। सेना द्वारा आशंका जतायी जा रही है कि राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में कम से कम 20–25 आतंकवादी सक्रिय हैं। यह तो पहले से जाहिर है कि भारत के उच्च प्रशिक्षित सैन्य अधिकारियों व सैनिकों से मुकाबला करने वाले आतंकवादी सेना जैसा प्रशिक्षण हासिल किये होते हैं। जाहिर है पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठानों से जुड़े संगठन इस खतरनाक खेल में शामिल हैं। हाल ही में राजौरी में दो स्थानों पर हुई मुठभेड़ में दो सैन्य अधिकारियों समेत पांच सैनिक शहीद हुए। शांतिकाल में यह बड़ी व चिंताजनक क्षति है। बहरहाल पिछले हफ्ते राजौरी में 31 घंटे चली मुठभेड़ के बीच पीर पंजाल क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का नया संकल्प लिया गया। इस मुठभेड़ में लश्कर–ए–तैयबा का एक शीर्ष कमांडर और उसका सहयोगी भी मारा गया। लेकिन पाक आर्थिक बदहाली व राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। शायद पाक को पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री की वह बहुचर्चित चेतावनी याद नहीं रही, जिसमें उन्होंने कहा था कि आप अपने पिछवाड़े में सांप नहीं पाल सकते और उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे। हकीकत यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पाकिस्तान में पाक तालिबानी संगठन के हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़ गये हैं।निस्संदेह, आज पाकिस्तान न केवल राजनीतिक व आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहा है बल्कि उसे तालिबान की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। पाक में गंभीर स्थिति के बावजूद देश चलाने वाली सेना द्वारा रिटायर्ड फौजियों को सीमा पर भेजकर आतंकवाद को बढ़ावा देना भारत के लिये बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियों के बीच सतर्कता की स्थिति में किसी तरह की ढील नहीं दी जानी चाहिए। निश्चित रूप से 26द11 का भयावह आतंकी हमला हमारी सुरक्षा तैयारियों में चूक की तरफ ध्यान दिलाने वाला घटनाक्रम भी था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चिंताजनक बात यह है।

## खाटू श्याम बाबा के प्राकट्योत्सव पर हुई भव्य भजन संध्या जागरण

शाहजहांपुर। खाटू श्याम बाबा के प्रकट्य उत्सव पर श्री श्याम लाडला परिवार के अयोजको ने बजरिया बाली धर्मशाला तिलहर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें वृंदावन से आयी भजन गायिका श्याम दिवानी खुशबू राधा व राघव दास महाराज ने भजनों की अलख जगाई । देर शाम श्री श्याम लाडला परिवार के सदस्यों ने नगर में निशान यात्रा निकाली व रात्री आठ बजे बजरिया बाली धर्मशाला में श्याम बाबा के भव्य दरबार में ज्योति जाग्रत की गई । प्रसिद्ध भजन गायिका खुशबू राधा और राघव दास महाराज ने बाबा को रिझाने के लिए भजनों के माध्यम से गुणगान कर अलख जगायी । मेरे सिर पर रख दो बाबा , तीन बाण धारी लाख दातार , मोर छड़ी वाले के भजनों पर बाबा भक्त झूमते नजर आए । इस मौके पर कलाकारों ने श्री राधाकृष्ण भाव नृत्य की मनोहारी प्रस्तुत की । रात्री बारह बजे बाबा को भोग अर्पण कर प्रसाद वितरण किया गया । बाबा की मोर्छड़ी से सभी को आशीष प्रदान किया गया । इस मौके पर श्याम लाडला परिवार के अंकुर गुप्ता , अनुज गुप्ता , राजेश राजन , अमित ,किशन सक्सेना राहुल अग्रवाल , साहू मनोज गुप्ता , अवधेश , नीरज अग्रवाल , रामौतार जर्नलिस्ट रविनेश गुप्ता , सुरेंद्र राठौर , शोभित गर्ग , रचित गुप्ता समेत तमाम भक्त शामिल रहे।



## सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरुनानकजी की 554 वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई गई

शाहजहांपुर। गुरुनानक देव जी भारतीय उप महाद्वीप के आध्यात्मिक प्रकाशक थे।जिनकी दी गई शिक्षा विविध समुदायों के बीच एकता व समझ को बढ़ाती है।गुरुनानक देव जी का जीवन आध्यात्मिक जागरण व सामाजिक सुध ार की एक उल्लेखनीय यात्रा से चिन्हित थी।उनकी शिक्षाएं ईश्वर की एकता व सम्पूर्ण मानवता की एकता पर जोर देती है। इस पावन पर्व पर सुप्रसिद्ध गुरुद्वारा ष्नानकमत्ता साहिबष्उत्तराखंड के कीर्तनीय जत्था व स्थानीय गुरुद्वारा ष्फुटिया साहिब ष के कीर्तनीय जत्थेदारों द्वारा गुरु शिक्षा से बंदियों को लाभान्वित किया गया। गुरु कीर्तन द्वारा आध्यात्मिक व सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।आनन्द साहिब का पाठ व गुरु अरदास के बाद कार्यक्रम के अगले चरण में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के द्वारा सभी बंदियों।को गुरुदारे का कड़ा परसाद हलवे के रुप में भेंट किया। इसके अलावा सभी बंदियों को चाय–बिस्कुट भेंट किया। इसके बाद गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सौजन्य से सभी बंदियों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें मटर–पनीर की सब्जी, हलवा व रोटी की व्यवस्था की गई। सभी बंदी कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत खुश हुए। और प्रसाद व लंगर चखकर बहुत खुश हुए। सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा पाकर संतुष्ट हुए।

## रोजा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने छिनैती की घटना का किया सफल अनावरण''

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन मे सुध ीर जयसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व अमित चौरसिया, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण मे थाना रोजा व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा चोरी व लूट की घटनाओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे आज छिनैती करने वाले अभियुक्त विशाल जयसवाल पुत्र विनोद जयसवाल निवासी सहदेवपुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर व उसके साथी कमल गुप्ता पुत्र रामदास गुप्ता निवासी मोहल्ला सूर्य नगर थाना कलान व पुरुषोत्तम पुत्र भूरे सिंह यादव निवासी ग्राम वजीरगंज थाना कलान को अटसलिया की ओर करीब 50 कदम दूरी से गिरफ्तार किया गया ।जिनके कब्जे से बरामदगी 2,72,330 रूपये नगद मय तीन पिठ्ठू बैग व तीन अदद मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त वाहन स्पलेन्डर मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद हुऐ घटना मे छीने गये शेष एक लाख रूपये अभियुक्त पुरुषोत्तम द्वारा फर्रुखाबाद मे अपने बैंक आफ बड़ोदा के खाते मे जमा कराये गये जिनको फ्रीज कराया जा रहा है। अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस मौके पर थाना रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, प्रभारी निरीक्षक, रितेन्द्र प्रताप सिंह, (एसओजी,साइबर क्राइम), उ.नि. नीरज कुमार सिंह, हे.कां.ओमकार सिंह, हे.का.ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह (एसओजी),उदयवारी सिह तौसीम हैदर,राम संजीवन, का.दिलिप कुमार,कमल कुमार,चालक हे.का.कपिल ठाकुर, शिवम कुमार, सर्विलांस सेल,प्रभात कुमार,सचिन कुमार,का.राजन,गौरव मौजूद रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

शाहजहांपुर। थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गंगा नदी के ढाई घाट का है। जहां पर कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने गंगाजल पर हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया। इस अवसर पर कई लोगों ने कन्या भोज भी कराया। कई श्रद्धालु गंगा आरती करते भी देखे गए। गंगा मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी भी की। वहीं बच्चों ने लगे झूलों व चाट पकौड़ी की दुकानों पर पहुंचकर आनंद भी उठाया। पुलिस ने गंगा मेले में सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए। चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात देखी गई। वहीं जिले के आला अधि ाकारी पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त जिला अधिकारी उप जिला अधिकारी कलान तहसीलदार जिला पंचायत विभाग के तमाम कर्मचारी मेले में स्थित का बराबर जायजा लेते देखे गए। शाहजहांपुर के नगर जलालाबाद के याकूबपुर चौराहे का है। जहां गंगा स्नान करके लौट रहे वाहनों व श्रद्धालुओं की भीड़ से लंबा जाम लग गया।

# अपने ही प्लान में फंसा शराब सेल्समैन,3 लाख 77 हजार रुपए के लूट की बनाई झूठी योजना

शाहजहांपुर। जिले में शराब ठेके का सेल्समैन अपने ही बिछाए जाल में फंस गया। शराब के 3 लाख 77 हजार रुपये दफ्तर में जमा करने आया था। सेल्समैन ने पुलिस को रुपये लूट की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की तो, लूट का पूरा मामला झूठा निकला। पुलिस ने आरोपियों की मोबाइल लोकेशन के साथ तमाम सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिससे साफ हो गया कि, सेल्समैन ने खुद अपने दो दोस्तों को रुपये से भरा बैग दे दिया और बैग लेकर आरोपी फरार हो गए। उसके बाद आरोपी ने चिल्लाना शुरू कर दिया। पुलिस ने सेल्समैन समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 लाख 72 हजार रुपये भी बरामद कर लिए हैं। आरोपी ने एक लाख रुपये फर्रुखाबाद जाकर अपने खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। आरोपी के अनुसार, आर्थिक तंगी के चलते ज्यादा रुपये देखकर लालच आ गया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कलान क्षेत्र में स्थित देसी शराब के ठेके पर विशाल जयसवाल सेल्समैन है। दो दिन पहले विशाल शराब बिक्री के 3 लाख 77 हजार रुपये रोजा क्षेत्र में बने दफ्तर में जमा करने आया था। यहां उसने लूट की साजिश रच डाली। रुपये से भरा बैग लूटने की सूचना सेल्समैन ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों और सेल्समैन से पूछताछ की। उसके बाद सीसीटीवी से लेकर सेल्समैन की मोबाइल लोकेशन तक निकाली। सीसीटीवी चेक करने पर पता चला कि सेल्समैन खुद रुपये से भरा बैग बाइक सवार अपने दो दोस्तों कमल और पुरूषोत्तम को दे रहा है। उसके बाद दोनों दोस्त बैग लेकर चले जाते हैं और सेल्समैन फिर चिल्लाकर लोगों को इकट्ठा करता है। उसके बाद लूट की सूचना पुलिस को भी देता है। पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर एफआईआर भी दर्ज कर ली थी। पुलिस ने सेल्समैन समेत उसके दोनों दोस्तों की मोबाइल लोकेशन निकाली तो तीनों एक ही जगह पर मौजूद मिले थे। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी सेल्समैन ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। शराब बिक्री के ढेर सारे रुपये देखकर उसके दिल में लालच आ गया था। आर्थिक तंगी के दौरान उसकी किसी ने मदद नहीं की। इसलिए उसने दोस्तों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। लूट करने के बाद सेल्समैन के दोनों दोस्त फर्रुखाबाद गए। वहां से उसने अपने खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने उस बैंक खाते को भी फ्रीज करा दिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी सुधीर जयसवाल ने बताया कि शराब सेल्समैन ने खुद ही लूट की योजना बनाई थी। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से रुपये भी बरामद हुए हैं। आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा।

# फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर पुलिस ने 14 दिन बाद फायरिंग करने वाले दबंग को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। आरोपी क्षेत्र का दबंग है। उसके उपर 15 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं ।जबकि उसकी उम्र 27 साल की है। फायरिंग करने के बाद इसी आरोपी को दूसरे पक्ष ने पकड़कर पीटा भी था। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। साथ ही आरोपी द्वारा की गई फायरिंग का भी वीडियो सामने आया था। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुट गई है। चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज में 12 नवंबर की रात सुबेक वर्मा का मामूली बात को लेकर आकिल से और उसके दोस्तों से विवाद हो गया था। विवाद के बाद आरोपी आकिल ने अपने दोस्त के साथ अजीजगंज में फायरिंग की थी। उसके द्वारा फायरिंग करने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। घटना के बाद सुबेक वर्मा की मां मुन्नी देवी ने फायरिंग करने वाले आरोपी आकिल और उसके दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कराई थी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर देर शाम मुखबिर की सूचना पर आरोपी आकिल को पुरानी रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। आरोपी आकिल क्षेत्र का काफी दबंग है। आरोपी की उम्र तो 27 साल की है, लेकिन उसकी दबंगई का अंदाजा लगा सकते हैं कि, उसके उपर 15 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बता दें कि, 12 नवंबर की रात फायरिंग करने के बाद दूसरे पक्ष ने आरोपी आकिल को पकड़ लिया था। उसके बाद दूसरे पक्ष ने आकिल की भी जमकर पिटाई कर दी थी। उसके साथ की गई मारपीट का भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था ।पुलिस ने आकिल की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ।एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया कि, फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। घटना की जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

# सड़क बनते ही उखड़ने लगी, ग्रामीणों ने गुणवत्ता को लेकर काटा हंगामा, काम रुकवाया

हाथरस। ग्रामीणों ने कहा कि ब्लॉक कार्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर गांव पालावत तक लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क के बड़े गड्ढों में मोटी गिट्टी डालकर भरे जाने के काम चल रहा है। साथ ही उस पर गिट्टी व तारकोल के मिश्रण की परत बिछाई जाती है, लेकिन यहां डाले जा रहे मिश्रण में तारकोल की मात्रा बेहद कम है। इस कारण सड़क बनने के बाद ही उखड़ने लग गई है। हाथरस के मुरसान ब्लॉक कार्यालय से गांव पलावत तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क के मरम्मत कार्य की गुणवत्ता ठीक न होने के कारण 27 नवंबर को फिर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों ने काफी देर तक सड़क पर मरम्मत का कार्य नहीं होने दिया। सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ होने के कारण ग्रामीणों में ठेकेदार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ काफी नाराजगी है।

हेमंत सिंह, रंधीर सिंह, रोहित कुमार, सुखवीर सिंह, अजय सिंह का कहना है कि ब्लॉक कार्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर गांव पालावत तक लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क के बड़े गड्ढों में मोटी गिट्टी डालकर भरे जाने के काम चल रहा है। विरोध करते ग्रामीण साथ ही उस पर गिट्टी व तारकोल के मिश्रण की परत बिछाई जाती है, लेकिन यहां डाले जा रहे मिश्रण में तारकोल की मात्रा बेहद कम है। इस कारण सड़क बनने के बाद ही उखड़ने लग गई है।

## सुबह से छाए बादल, हवा के साथ बढ़ी ठंडक, निकले गर्म कपड़े, 28 नवंबर को भी हो सकती है बारिश

हाथरस। 26 नवंबर की रात तक मौसम में अधिक ठंडक नहीं थी, लेकिन अगले दिन की शुरुआत बादलों के साथ हुई। सुबह करीब छह बजे तक कोहरे की हल्की चादर दिखाई दी। सुबह करीब 11 बजे सूर्यदेव के दर्शन हुए, लेकिन वह अधिक समय तक दिखाई नहीं दिए। कार्तिक पूर्णिमा के दिन 27 नवंबर को मौसम का मिजाज एकदम बदल गया। माह परिवर्तन के साथ ही अब मौसम में बड़ा परिवर्तन हो रहा है। सुबह से ही बादल छाए रहे। हल्की हवा चलने से मौसम में सर्द अहसास भी बढ़ गया। पारे में भी गिरावट दर्ज की गई। 26 नवंबर की रात तक मौसम में अधिक ठंडक नहीं थी, लेकिन अगले दिन की शुरुआत बादलों के साथ हुई। सुबह करीब छह बजे तक कोहरे की हल्की चादर दिखाई दी। सुबह करीब 11 बजे सूर्यदेव के दर्शन हुए, लेकिन वह अधिक समय तक दिखाई नहीं दिए।

## दो बाइक आपस में टकराई, टक्कर में बुजुर्ग की मौत, दो घायल

हाथरस। गांव गुतहरा निवासी सत्यवीर शाह अपने धेवते को गोद में लेकर इसी गांव निवासी जुगेंद्र के साथ बाइक से गांव से गुतहरा जा रहे थे। जैसी ही उनकी बाइक गांव नगला जसुआ के पास पहुंची, तो सामने से आ रही आगरा जिले के गांव नादऊ निवासी मनीष रावत की बाइक टकरा गई। जिससे सत्यवीर शाह की मौत हो गई।